दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 01.04.2026

प्रकाशनार्थ

शिक्षाशास्त्र विभाग का एकेडमिक ऑडिट सम्पन्न

गोरखपुर, 01.04.2026। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन एवं मूल्यांकन के उद्देश्य से एकेडमिक ऑडिट का आयोजन किया गया इस अवसर पर जे.बी. महाजन डिग्री कॉलेज, चौरी चौरा, गोरखपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. लक्ष्मण सिंह विषय विशेषज्ञ एवं निरीक्षक के रूप में विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रम संचालन, शिक्षण विधियों तथा मूल्यांकन प्रणाली का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा उन्होंने विभागीय अभिलेखों, शिक्षण योजनाओं एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों का गहन अध्ययन करते हुए आवश्यक सुझाव प्रदान किए और अपने संबोधन में उन्होंने गुणवत्ता आधारित शिक्षा, नवाचार पूर्ण शिक्षण पद्धतियों तथा निरंतर मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल दिया। उनके मार्गदर्शन से विभाग को शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ निधि राय ने डॉ. लक्ष्मण सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अनुभव एवं विशेषज्ञता से संस्थान को नई ऊर्जा एवं प्रेरणा मिली है।

इस अवसर पर विभाग के समस्त शिक्षक डॉ. श्याम सिंह, डॉ. त्रिभुवन मिश्रा, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, डॉ. जागृति विश्वकर्मा, डॉ. सुजीत कुमार शर्मा एवं अन्य शिक्षकों के साथ विभागीय विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, मीडिया एवं जनसम्पर्क